राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency

आदेश सं०:SHSB/GA/HR/2095/2016/............... पटना, दिनांक: ..../12/2018

-: आदेश :-

विज्ञापन संख्या 06/2018 के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के आदेश सं० 5615 दिनांक 21.11.2018 द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक-Anaesthetist के संविदागत पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियोजित करते हुए FRUs (सदर/रेफरल/अनुमंडलीय अस्पताल) में पदस्थापन किया गया था। उक्त आदेश की कंडिका-2(i) के अनुसार नवचयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापन FRU में दिनांक 10.12.2018 तक योगदान करने तथा कंडिका-2(ii) में योगदानोपरांत दिनांक 14.12.2018 तक एकरारनामा सम्पन्न कराने का निदेश दिया गया था। उक्त क्रम में कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा योगदान करने की समय-सीमा को विस्तारित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

अतः ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने उक्त निर्धारित तिथि तक पदस्थापन-FRU में योगदान नहीं दिया है, उन्हें विचारोपरांत एक अवसर देते हुए आदेश की कंडिका-2(i) एवं 2(ii) में आंशिक संशोधन कर दिनांक 10.01.2019 तक योगदान करने की तिथि विस्तारित की जाती है। ऐसे अभ्यर्थी योगदानोपरांत दिनांक 14.01.2019 तक राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार कार्यालय में स्वयं उपस्थित हो कर एकरारनामा सम्पन्न करा लें। उक्त तिथि तक योगदान नही करने पर रिक्त पदों के विरूद्ध प्रतीक्षा सूची से चयन कर लिया जाएगा।

आदेश ज्ञापांक 5615 दिनांक 21.11.2018 की शेष शर्तें यथावत रहेगी।

ह०/-
(लोकेश कुमार सिंह)

ज्ञापांक 6610 *पटना, दिनांक:* 26 */12/2018*

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।

प्रतिलिपि: सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार/सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: प्रशासी पदाधिकारी/सभी उप सचिव/अपर निदेशक-वित्त/राज्य लेखा प्रबंधक/राज्य कार्यक्रम प्रबंधक/राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि: सिस्टम एनालिस्ट-सह-डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी संबंधित नवचयनित अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। यह आदेश राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अधिकृत वेबसाईट www.statehealthsocietybihar.org पर भी देखा जा सकता है एवं डाउनलोड कर इसे व्यवहार में लाया जा सकता है।

कार्यपालक निदेशक
26/12/18

STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800 014
दूरभाष: 0612-2290328, 2281232 फैक्स: 2290322 Website: www.statehealthsocietybihar.org